हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 19 जुलाई 2024

06 मेडिकल कॉलेज खोलने की प्रक्रिया शुरू जिला...




08 शहर में निकला ताजियों का चल समारोह...





### पार्क में असामाजिक तत्वों, अवारा मवेशियों और आसपास गंदगी से लोग परेशान

# 80 लाख की लागत से बने गुरू गोविंद सिंह पार्क को संवारने की जरूरत

एक ओर जहां देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण को गति देकर धरा को हरा भरा बनाने की कवायद की जा रही है। वहीं क्षेत्र के हरे भरे पार्कों के संरक्षण के अभाव में उनका अस्तित्व समाप्त होते नजर आ रहा है। नागरिकों का कहना है कि जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदा तट स्थित पुण्य सलिला मां नर्मदा के नर्मदापुरम में सरकार द्वारा चाहे विकास के तमाम दावे किये जा रहे हैं। वहीं नगर पालिका शहर के पार्कों को लेकर लापरवाह नजर आ रही है। दरअसल नर्मदापुरम के न्यास कालोनी, हाऊसिंग बोर्ड में नागरिकों को प्राकृतिक सुविधा एवं बच्चों के मनोरंजन के लिए 28 सितंबर 2017 को तत्कालीन सांसद एवं वर्तमान शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व नर्मदापुरम के वर्तमान विधायक डॉ सीतासरन शर्मा द्वारा 80 लाख रूपए की लागत से नगर वासियों को गुरू गोविंद सिंह पार्क की सौगात दी गई थी। इस दौरान




### जल भराव से प्रभावित हुआ पार्क

*बुधवार की शाम अचानक झमाझम बारिश ने गुरू गोविंद सिंह पार्क के ड्रेनेज सिस्टम की पोल खोल दी। दरअसल शाम को हुई बारिश के पानी की निकासी के लिए अवरूद्ध नालियां बाधा बनीं। परिणाम स्वरूप एक दिन की बारिश में पार्क की हरी भरी घास एवं मुख्य द्वार पर पानी भर जाने से नागरिकों को आवाजाही में परेशानियों का सामना करना पड़ा। नागरिकों का कहना है कि यदि मानसून का लगातार पानी गिरता तो पार्क के सभी वनस्पति की जड़े खराब हो जाती और पार्क की खूबसूरती समाप्त हो जाती। इस ओर नगर पालिका परिषद को ध्यान देने की आवश्यकता है।*

### पार्क निर्माण से ही बंद पड़ा बोरिंग सिस्टम

*पार्क में फुलवारी और हरे भरे वृक्षों की सिंचाई के लिए वर्ष 2017 को पार्क के निर्माण के दौरान ही हजारों रूपए की लागत से ट्यूबवेल की बोरिंग कराई गई थी। लेकिन बंद पड़ी बोरिंग को चालू होने का इंतजार है। नागरिकों का कहना है कि पानी के अभाव में नागरिकों द्वारा किये गये विभिन्न प्रजातियों के खूब सुंदर फूलों के पौधे एवं आकर्षक पेड़ नहीं पनप पा रहे हैं। नपा प्रशासन से आग्रह है कि ट्यूबवेल को सुचारू बनाने की कवायद की जाए ताकि पौधों को जीवन मिल सके।*



### शाम ढलते ही नशेड़ियों का रहता है जमावड़ा

*गुरू गोविंद सिंह पार्क में शाम ढलते ही शहर के अधकांश नशेड़ी अपना शौक पूरा करने के लिए इसे ठिकाना बना लेते हैं। परिणाम स्वरूप पार्क में जगह-जगह शराब की बोतलों के साथ खाद्य सामग्री भी बिखरी पड़ी रहती हैं। जिससे यहां आने वाले बुजुर्ग महिलाओं और बच्चों को काफी परेशानियां होती हैं। लोगों का कहना है कि देर रात तक नशेड़ी लोग यहां गाली गलौच एवं लड़ाई झगड़ा करते हैं जिससे आस पास के लोगों का रहना दूभर हो रहा है। उन्होंने नपा प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से मांग की है कि पार्क में दिन और रात को गार्ड की तैनाती की जाये एवं यहां आने वाले असमाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई कर राहत दिलायें।*

रहवासियों को यह उम्मीद थी कि उक्त पार्क को अच्छे बजट से सुंदर एवं सर्व सुविधा युक्त बनाया जाएगा। इतना ही नहीं स्थानीय प्रशासन द्वारा पार्क में सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा लेकिन बीते 5-6 वर्षो से नपा की लापरवाही की भेंट चढ़ रहा पार्क लोगों को मायूस कर रहा है।

### पार्क संवारने की होगी कार्रवाई

इस संबंध में नपा सीएमओ हेमेश्वरी पटले से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि पार्क संवारने के लिए हर संभव कार्रवाई की जाएगी। वहीं असामाजिक तत्वों के जमावड़े की शिकायत मिलने पर पुलिस की मॉनिटरिंग के लिए लिखा जाएगा। उन्होंने कहा कि आवारा मवेशियों को रोकने लिए रोलिंग गेट लगाये जाएंगे। गेट के सामने गंदे पानी की निकासी के लिए सुधार किया जाएगा।

### टूटी रैलिंग नहीं सुधर पाई

हाऊसिंग बोर्ड क्षेत्र में निर्माण किए गए आकर्षक गुरूगोविंद सिंह पार्क को सौंदर्य रूप देने के लिए रैलिंग लगाई गई थी लेकिन देख रेख के अभाव में टूटी रैलिंग को सुधारने के लिए जिम्मेदार विभग द्वारा कोई कवायद नहीं की गई। नागरिकों काक कहना है कि पार्क को संवारने के लिए नपा प्रशासन को कार्रवाई करना चाहिए।



### आवारा मवेशियों का जमावड़ा

गुरू गोविंद सिंह पार्क का मुख्य गेट खुला रहने के कारण हमेशा पार्क में आवारा मवेशियों का जमावड़ा बना रहता है जिससे पार्क में आने वाले लोग भयभीत होते हैं। दरअसल मवेशियों की धमाचौकड़ी और लड़ाई के दौरान हादसों की संभावना बनी रहती है। वहीं वनस्पतियों को भी नुकसान होता है।



# पटवारी संघ ने प्रवीण को दी श्रद्धांजलि एसडीएम को हटवाने हड़ताल जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जिले के पटवारी स्वर्गीय प्रवीण मेहरा को न्याय दिलाने और पिपरिया एसडीएम को हटाने की मांग को लेकर पटवारी संघ की हड़ताल जारी है। गुरुवार को पटवारी संघ जिला मुख्यालय पर पीपल चौक पर धरने पर बैठा। सभी ने पटवारी मृतक प्रवीण मेहरा को श्रद्धांजलि दी। साथ ही प्रशासन चेताया कि हमारी मांगों को पूरा करें। एसडीएम पिपरिया संतोष तिवारी को हटाए बिना जांच पूरी न करें। पटवारी के करीब 50 से ज्यादा पटवारी बैठे रहे। जिन्होंने नारेबाजी भी की। पटवारी प्रवीण मेहरा की मौत के बाद 10जुलाई को पटवारी संघ ने कलेक्ट्रेट परिसर में जमीन पर बैठकर कलेक्टर कका इंतजार किया था। ज्ञापन सौंपकर जांच की और एसडीएम पिपरिया को हटाने की मांग की थी। पटवारी संघ 12, जुलाई से तीन दिन सामूहिक अवकाश पर रहा और 15जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चला गया है। सभी पटवारियों के बस्ते तहसील में जमा है। पटवारी संघ का कहना है कि हमारे साथी पटवारी की मौत की जांच हो। उस पर लगे गंभीर आरोपों की जांच कर, पोथी नामांतरण के मामले में वो अकेला ही जिम्मेदार नहीं है। तहसीलदार और संबंधित अधिकारी भी जिम्मेदार होते है। उन्हें भी शामिल किया जाए।

पटवारी संघ द्वारा 10 जुलाई को कलेक्टर सोनिया मीना को पटवारी प्रवीण मेहरा की मौत के संबंध में दिए ज्ञापन की जांच जिला प्रशासन ने कराई। अपर कलेक्टर डीके सिंह, संयुक्त कलेक्टर अनिल कुमार जैन एवं डिप्टी कलेक्टर डॉ. बबीता राठौर ने जांच की। बुधवार को सभी सम्बंधित पटवारियों को समिति द्वारा जांच में अपने कथन देने के लिए बुलाया गया था, लेकिन कोई भी पटवारी उपस्थित नहीं हुआ। जिससे जांच अधुरी रह गई। अपर कलेक्टर डीके सिंह ने बताया जांच जारी है। सभी पक्षों के कथन, साक्ष्य, दस्तावेजों के परीक्षण बाद ही निर्णय लिया जाना संभव है। उन्होंने पटवारी हड़ताल के कारण जनता को हुई असुविधा पर खेद प्रकट करते हुए, सभी पटवारियों को तत्काल कार्यस्थल पर उपस्थित होने के निर्देष दिए। लेकिन नर्मदापुरम में पटवारी संघ की प्रदेश अध्यक्ष अंजु नारोलिया का कहना है कि हमारी मांगे पूरी नहीं होती, तब तक हम हड़ताल पर रहेंगे। गुरुवार को भी सभी पटवारी हड़ताल पर रहे।

### झोलाछाप डॉक्टरों पर होगी कार्रवाई

**नर्मदापुरम।** जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम जल्द ही जिले में छोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई करेगी। आयुक्त चिकित्सा शिक्षा तरुण पिथोड़े ने सभी सीएमएचओ को आदेश जारी किए हैं। इसमें छोलाछाप डॉक्टर और मेडिकल स्टोर्स पर आने वाले विजिटर डॉक्टरों पर भी कार्रवाई की बात कही है। सीएमएचओ डॉ. दिनेश दहलवार ने बताया शासन के आदेश मिले हैं। जल्द जिला स्तरीय एक टीम छोलाछाप डॉक्टर नर्सिंग होम, डेकेयर, क्लीनिक, व विजिटर डॉक्टरों की जांच पड़ताल कर कार्रवाई करेगी। जिनका नियम अनुसार पंजीयन नहीं मिलेगा उन पर कार्रवाई की जाएगी। इसमें क्लीनिक बंद करवाने सहित एफआईआर भी कराई जा सकती है।

# रेलवे स्टेशन पर हुई खाद्य सामग्री की जांच



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश दियावार, जितेन्द्र सिंह राणा एवं रेलवे के दल निरीक्षक आर पी एफ आर के यादव, स्टेशन प्रबंधक अनिल राय, हेल्थ इंस्पेक्टर एम ए खान के साथ रेलवे के कैटर्स का गत दिवस को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न प्रकार के अनियमितता पाए जाने पर एवं खुले में खाद्य सामग्री निर्मित होना पाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा नर्मदा फूड से पनीर एवं तुअर दाल का एवं कंचन रेस्टोरेंट से पनीर का नमूने जांच हेतु लिए गए। रेस्टोरेंट पर कार्यवाही कर सुधार हेतु कहा गया।

# भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत कार्यक्रमों से मना स्प्रिंगडेल्स स्कूल का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल शिक्षा ही नहीं बल्कि जीवन मूल्यों, भारतीय संस्कारों पर आधारित विविध गतिविधियों के द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु सदैव समर्पित है। इसी परिप्रेक्ष्य में गुरुवार को स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नौवां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पी. के. चटर्जी चेयरमैन संज्ञा शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति, श्रीमति प्रोनोती चटर्जी, डायरेक्टर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। अतिथि स्वागत बेला के अंतर्गत स्वागत भाषण श्रीमती सोनल सोखी द्वारा जनरल मैनेजर ने दिया। इस अवसर पर स्कूल विद्यार्थियों ने नृत्य संगीत के माध्यम से रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण स्कूल की यात्रा को प्रदर्शित करने वाला एक वीडियो प्रेजेंटेशन था, जिसमें विद्यालय परिवार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर निदेशक डॉ.आशीष चटर्जी ने अपने संबोधन में महत्वपूर्ण दिवस पर कृतज्ञता और प्रशंसा करते हुए इस यात्रा पर विचार प्रस्तुत किए।

# नर्मदापुर युवा मंडल ने पार्क में किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चल रहे एक पेड़ माँ के नाम अभियान में गुरुवार को नर्मदापुर युवा मंडल ने गुरुगोविंद सिंह पार्क में पौधरोपण किया। इस दौरान सभी सदस्यों ने बड़ , पीपल , नीम , जामुन के पौधे लागकर उनके संरक्षण व संवर्धन का संकल्प भी लिया। पौधरोपण में नर्मदापुर युवा मंडल अध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल, मनीष परदेशी, विशाल दीवान, रूपेश राजपूत, संतोष मीना, कमलराव चव्हाण, वीरू पटवा, आदि मौजूद रहे।

# आयुध निर्माणी की उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए सहयोग देंगे : नारोलिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



बुधवार को माया नारोलिया, सांसद राज्यसभा ने आयुध निर्माणी, इटारसी के प्रबंधन अधिकारियों एवं आयुध निर्माणी कर्मचारी संघ पदाधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक की। बैठक में प्रबंधन अधिकारियों का परिचय होने के उपरांत प्रबंधन द्वारा कार्यरत कर्मचारी एवं अधिकारियों की जानकारी साक्षा करते हुये आयुध निर्माणी की उत्पादन क्षमता में वृद्धि करने, कर्मचारियों की कार्यकुशल बढ़ाने में सहयोग की अपेक्षा की। साथ ही निर्माणी प्रबंधन द्वारा प्रजेंटेशन के माध्यम से आयुध निर्माणी में होने वाले समस्त प्रकार के उत्पादनों का विस्तार से प्रदर्शन किया गया। आयुध निर्माणी अस्पताल में बर्न यूनिट की स्थापना एवं आसपास के ग्रामों के पहुँच मार्ग निर्माण को लेकर भी चर्चा हुई। प्रबंधन ने निर्माणी क्षेत्र में आने वाली विभिन्न समस्याओं के निराकरण का आग्रह किया। इस अवसर पर दीपक अग्रवाल, विकास नारोलिया, दीपक माहला, राजा तिवारी, सोनू दीक्षित, मुकेश राठौर, धर्मेन्द्र जाट, प्रमेश मालवीय सहित आयुध निर्माण कर्मचारी संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नर्मदापुरम जिलेवासियों को झमाझम बारिश का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदाचंल में हर साल की तरह इस बार मानूसन सक्रिय नहीं है। मानसून की बेरुखी साफ तौर पर दिख रही। लेकिन पर्याप्त बारिश नहीं हो रही। आषाढ़ माह आखिरी 3 दिन बचे है। लेकिन अब तक बारिश लगातार तीन घंटे तक नहीं हो सकीं पाई है। जिले में पिछले साल के मुकाबले औसत 6 इंच बारिश कम हुई है। इस बार 10 इंच बारिश दर्ज हुई है। जबकि पिछले साल अभी तक में 16 इंच बारिश हो चुकी थी। सुबह से शाम तक मौसम खुला रहने व धूप निकलने से लोग गर्मी और उमस से परेशान है। हालाकि

गुरूवार तक तक जिले में 263.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 406.2 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 18 जुलाई 2024 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 20.8 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 15.0 मिलीमीटर, इटारसी में 35.2 मिलीमीटर, माखननगर में 3.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 23.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 7.0 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 22.2 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 92.6 एवं तहसील डोलरिया में7.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिलीमीटर है।

### स्नानार्थियों को नपाध्यक्ष ने दी घाटों पर सतर्कता बरतने की समझाइश

# मगरमच्छ की निगरानी करेगा संयुक्त दल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मगरमच्छ दिखने की घटना पर नगरपालिका परिषद में नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव की अध्यक्षता में आपात बैठक हुई। जिसमें श्रवण मास को देखते हुए नागरिकों के हित में अनेक निर्णय लिए गए हैं। बैठक में नपाध्यक्ष यादव, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, पार्षदगण बिंदिया मांझी, नयना सोनी, सिमरन रैकवार, रिचा तिवारी, प्रेमा पंकज पांडेय, शिल्पा गौर, निर्मला राय, महिमा रोहित गौर, दुर्गेश चौधरी, नरेंद्र पटेल, पूर्व पार्षद तेज कुमार गौर, पंकज पांडेय, जितेंद्र तिवारी, अरूण सैनी, राजेश तिवारी सिटी मजिस्ट्रेट अश्वनराम चिरामन, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले आदि मौजूद रहे। नागरिकों की सुरक्षा को लेकर बैठक में हुए निर्णय में सभी घाटों पर नगरपालिका का अमला तैनात रहेगा। श्रद्धालुगणों से आग्रह किया है कि दर्शन करने अकेले न जाकर समूह में जाएं। लोगों को जागरूक करने कार्यक्रम आयोजित होंगे।श्रावण मास को देखते हुए श्रद्धालुओं की आस्था का ध्यान रखा जाए। घाटों पर लगातार बोटों से पेट्रोलिंग की जाएगी। साथ ही प्रशासन द्वारा घाट पर निगरानी के लिए संयुक्त दल का गठन किया जाएगा। जिसमें होमगार्ड, नगरपालिका, राजस्व के कर्मचारियों को शामिल किया जाएगा। नपाध्यक्ष यादव ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे मां नर्मदा के दर्शन दूर से ही करें। मगरमच्छ दिखने के चलते घाट पर सावधान रहें। नागरिकों की सुरक्षा हेतु नपा की टीम तैनात की गई है।



# प्रतिबंधित पॉलीथिन पर कार्रवाई, 800 का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



उच्च अधिकारी के निर्देशन पर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के नेतृत्व में पॉलीथिन जप्ती अभियान अंतर्गत गुरुवार को सतरास्ता मुख्य बाजार चौक में 5 किलो पॉलीथिन दुकानदारों पर 800 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया नगर पालिका परिषद होते हुए सतरास्ता से जय स्तंभ से महावीर चौक तक प्लास्टिक, पॉलीथिन को जप्त करते हुए व पन्नी पॉलीथिन उपयोग नही करने हेतु समझाइस देते हुए। नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम की गठित टीम जिसमें कमलेश तिवारी प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक वृजेश सारवान, रवीन्द्र सूर्यवंशी,राजेश दीवान सतीश यादव राजेश नरवारे ,आनंद केवट पंकज चुटीले ,रोहित बड़गुज्जर राजेश लुटारे , संतोष चौहान ,शेख अकबर एवं संयुक्त दल के द्वारा मुख्य बाजार में जप्ति जुर्माना की कार्यवाही की गई। स्वच्छता निरीक्षक कमलेश तिवारी द्वारा बताया गया कि अपने दुकान परिसर के सामने गंदगी ना करें गंदगी पाए जाने पर जुर्माना की कार्रवाई की जाएगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी हिमेश्वरी पटले द्वारा सभी व्यापारी बंधुओ से निवेदन है कि अपने परिसर से निकलने वाले कचरे को स्वच्छता वाहन में ही डालें।

## खबर संक्षेप

### पिताजी की प्रथम पुण्यतिथि, लगाए पौधे

**शाहपुर।** नगर से 8 किलोमीटर दूर ग्राम बांका के समाजसेवी स्वर्गीय हरभजन वर्मा की प्रथम पुण्यतिथि के पर उनके पुत्र नानक राम वर्मा ने निज निवास में स्थित मानव उत्थान सेवा आश्रम की सेविकाओं के द्वारा सत्संग का आयोजन किया । पावर झंडा ग्राम भक्तों ने नारदीय भजन प्रस्तुत किए । उनके द्वारा पौधरोपण भी किया गया। परिवार के सदस्यों ने भी पौधरोपण किया। पौधों के पालन पोषण का संकल्प भी लिया। ग्राम वासियों ने संत कुमारी के सुनाए कीर्तन का लाभ उठाया। परिवार के सभी सदस्यों ने इसमें पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

### आयुष मलेरिया आप 200 दवा बांटी

**शाहपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ग्राम चीखल्दाखुर्द में गुरुवार से प्रति गुरुवार 3 सप्ताह तक 22 अगस्त तक आयुष विभाग से प्रदाय की गईं आयुष मलेरिया ऑफ़ 200 दवा का वितरण किया गया। आयुष चिकित्सा अधिकारीप्रहलाद नागले ने ग्रामीणों को इसके लाभ समझाए। मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी शिव कुमार रघुवंशी के निर्देशन मे दवा वितरण कार्य किया जा रहा है। मलेरिया निरीक्षक सुबोध गढ़वाल एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मलेरिया सर्वेलेंस विशेष लार्वा सर्वे दस्तक अभियान गतिविधि का निरिक्षण कर ग्रामीणों को स्वास्थ्य शिक्षा दी। मच्छर उत्पत्ती स्थल टंकी, टांके इत्यादि खाली कराए जा रहे हैं।

### अन्नाभाऊ साठे की पुण्यतिथि मनाई

**बैतूल।** साहित्य सम्राट लोक शाहिर डॉ.अन्नाभाऊ साठे की 55 वी पुण्यतिथि के अवसर पर मांग मातंग समाज के सामाजिक बंधुओं द्वारा टिकारी स्थित कृष्णापुरा वार्ड के पास अन्नाभाऊ साठे के प्रतिमा पर पुष्पमाला और पुष्प अर्पित कर पुण्यतिथि मनाई गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सतीश जौंधलेकर द्वारा की गई। लखन लाल लोखंडे द्वारा अन्नाभाऊ साठे के जीवन पर प्रकाश डाला। मधुकर राव देव्हारे ने कार्यक्रम का संचालन और आभार कृष्णा सोनारी ने व्यक्त किया।

### डॉ. राय को स्थापना दिवस पर किया आमंत्रित

**सारनी।** भारतीय मजदूर संघ का 70 वां स्थापना दिवस 23 जुलाई को भव्य रूप में भोपाल में मनाया जाएगा। तारतम्य कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा के बुजुर्ग नेता डॉक्टर बसंत राय को आमंत्रित करने का कार्य किया गया है। बीएमएस यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रमोद सिंह ने बताया कि गुरुवार को भारतीय मज़दूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिरण्मय पंड्य, प्रदेश महामंत्री कुलदीप सिंह गुज्जर ने पाथाखेड़ा पहुंच कर डॉक्टर बसंत राय को भोपाल आने का निमंत्रण दिया है। राय को साल श्रीफल देकर सम्मानित करने का कार्य किया।

### हिन्दू वाहिनी महिला संगठन ने किया पौधरोपण

**बैतूल।** वर्तमान समय में महिलाएं रसोई के साथ जॉब करते हुए समाज हित में भी अपना उल्लेखनीय योगदान निभा रहीं हैं। महिलाएं आज सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दे पर प्रखर हैं और पर्यावरण संरक्षण को भी गंभीर विषय समझ रहीं हैं। विशाल हिन्दू वाहिनी महिला संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतू चोलिया की अध्यक्षता में शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय में 11 लक्ष्मीतरु पौधों का रोपण किया और उनके पालन एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी गायत्री परिवार द्वारा ली गई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुषमा सोनी एवं गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पूर्व सैनिक मधु वर्मा, पर्यावरण समन्वयक मुकेश गुड्डा वर्म आदि पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

### कीटनाशक छिड़काव से युवक की मौत

**बैतूल।** एक युवक कीटनाशक का छिड़काव कर रहा था। तभी वह कीटनाशक के संपर्क में आ गया जिससे वह खेत में ही बेहोश हो गया था। परिजनों ने उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया था जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरेंद्र पिता शंभू लाल वट्टी उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम कुही थाना रानीपुर युवक मंगलवार शाम अपने खेत में कीटनाशक का छिड़काव कर रहा था। इसी दौरान युवक कीटनाशक के संपर्क में आ गया।

---

### विधायक के प्रयासों से जिलेवासियों को मिलेगी बेहतर सुविधा

# मेडिकल कॉलेज खोलने की प्रक्रिया शुरू जिला अस्पताल उन्नयन के लिए टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

आदिवासी बहुल बैतूल जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए शासन स्तर से प्रक्रिया तेज हो गई है। मध्य प्रदेश के सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं



चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा बैतूल सहित प्रदेश के दस जिलों में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज स्थापना और जिला अस्पताल के उन्नयन के लिए टेंडर जारी कर ऑनलाइन निविदा बुलाई गई है।

जिला प्रशासन द्वारा बैतूल में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए कोसमी ग्राम के समीप लगभग 30 एकड़ भूमि चिन्हित की जा चुकी है। विधायक हेमंत खण्डेलवाल के प्रयास से तात्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा बीते विधानसभा चुनाव के पूर्व बैतूल में मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा कर स्वीकृति दी गई थी। मेडिकल कॉलेज खुलवाने की मुहिम में श्री खण्डेलवाल के साथ उस दौरान सांसद डीडी उइके एवं आमला




विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे भी शामिल रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद खण्डेलवाल ने मुख्यमंत्री से हुई मुलाकातों के दौरान बैतूल में मेडिकल कॉलेज शुरु करवाने की मांग की जा रही थी। बैतूल विधायक द्वारा किये जा रहे सतत प्रयासों के सकारात्मक परिणाम जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना को लेकर शासन द्वारा कार्यवाही करने के रूप में सामने आ रहे हैं।

#### इन जिलों के लिए कार्रवाई शुरू

बैतूल जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापना को लेकर शासन द्वारा सैद्धांतिक स्वीकृति देने के बाद मेडिकल कॉलेज के लिए भूमि चिन्हित करने सहित अन्य कार्यवाही शासन स्तर से शुरु हो चुकी है। बैतूल सहित कटनी, मुरैना, पन्ना, बालाघाट, भिंड, धार, खरगौन, सीधी, टीकमगढ़ जिलों में सार्वजनिक निजी भागीदारी पीपीपी मोड पर सौ सीट के मेडिकल कॉलेज की स्थापना और जिला अस्पताल के उन्नयन के लिए कार्यवाही प्रारंभ हो चुकी है।

#### पीपीपी मोड पर होगा संचालन

*इसी तारतम्य में डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक हेल्थ एंड मेडिकल एजुकेशन मध्यप्रदेश द्वारा टेंडर जारी कर ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की गई है। निविदा स्वीकृति के बाद चयनित बोलीदार के साथ शासन द्वारा पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज निर्माण, वित्त, संचालन, रखरखाव, प्रबंधन, संवर्धन, संचालन एवं जिला अस्पताल के प्रबंधन के संबंध में अनुबंध किया जाएगा।*

#### कोसमी के समीप चिन्हित की भूमि

*विधायक खण्डेलवाल के प्रयासों से बैतूल में मेडिकल कालेज स्वीकृति के बाद मेडीकल कालेज की स्थापना को लेकर शासन प्रशासन स्तर से कार्यवाही चल रही है। कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व अधिकारियों द्वारा मेडीकल कालेज के लिए कोसमी ग्राम के समीप लगभग तीस एकड़ भूमि चिन्हित कर ली है ।साथ ही चिन्हित भूमि को मेडिकल कॉलेज के लिए आरक्षित,आवंटित करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।*

---

### सीएमओ मेश्राम दिल्ली में पुरस्कृत

# पीएम स्वनिधि बेस्ट लोन परफारमेंस में सारनी नपा देश में 3, प्रदेश में नंबर वन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

नगर पालिका परिषद सारनी को प्रधानमंत्री स्वनिधि में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नेशनल अवार्ड मिला है। गुरूवार को नगर पालिका परिषद सारनी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम ने दिल्ली जाकर उक्त अवार्ड को ग्रहण किया। नगर पालिका को नेशनल अवार्ड के साथ प्रदेश में बेस्ट लोन परफारमेंस के लिए भी प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।



डे-एनयूएलएम शाखा के नोडल अधिकारी के.के.भावसार ने बताया कि आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए नगर पालिका परिषद सारनी को पीएम स्वनिधि में लोन परफारमेंस के लिए बेस्ट पुरस्कार दिया है। एक लाख से कम आबादी वाली नगर पालिकाओं में सारनी का देश में तृतीय स्थान लगा है। जबकि इसी कैटगरी में सारनी नगर पालिका को प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।गुरुवार को नई दिल्ली के स्टीन ऑडिटोरियम में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम ने नेशनल लेवल के उक्त अवार्ड को ग्रहण किया। नोडल अधिकारी कमल किशोर भावसार ने बताया कि कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी,शहरी परियोजना अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन,नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे,पीआईसी सदस्यगण एवं संपूर्ण परिषद के मार्गदर्शन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम के निर्देशन में पीएम स्वनिधि योजना के तहत निकाय क्षेत्र में स्ट्रीट वेंडर सशक्तीकरण की दिशा में बेहतर कार्य किया गया। डे-एनयूएलएम शाखा एवं पी.एम.स्वनिधि सहायक प्रभारी टीम लीडर रंजीत डोंगरे सहयोगी कर्मचारी निराकार सागर,राकेश डोंगरे,कामदेव सोनी, अनिल लिल्होरे, कीर्ति नायक,सद्दाम अंसारी, दीपक मोहबे, सिटी मिशन मैनेजर मनोज परते,निधि मेरावी द्वारा फील्ड में सतत कार्य किया गया। टीम वर्क एवं निकाय क्षेत्र के समस्त बैंक प्रबंधनों द्वारा सतत सहयोग के कारण उक्त उपलब्धि हासिल हुई है।

---

# 40 शिक्षकों ने नकारा पदोन्नति प्रस्ताव न मिलेगा वेतनमान, न आर्थिक लाभ

### पदोन्नति से शिक्षकों की तौबा, 109 की हुई काउंसलिंग

**बैतूल।** शासन के निर्देशों के मुताबिक शिक्षा विभाग में पिछले लंबे समय से पदोनति की राह तक रहे शिक्षकों को प्रभार की पदोनति का झुनझुना पकड़ा तो दिया गया, लेकिन उन शिक्षकों को यह पदोत्रति जरा भी रास नहीं आ रही है, जिनकी पदोन्नति वर्ष 1994 के बाद हुई है। उनके वेतन भत्तों- वेतनमान के लाभ सहित अन्य आर्थिक लाभों में परिवर्तन होगा या नहीं, इसकी स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है।

जानकारी मिली है कि केवल नाम की यह पदोन्नति शिक्षा विभाग के शिक्षकों को जरा भी रास नहीं आ रही है। करीब 3 दर्जन शिक्षकों ने पदोन्नति



का प्रस्ताव ठुकरा कर विभाग को लिख कर दिया है कि वे पुरानी पदस्थापना पर ही काम करना चाहते हैं। उन्हें प्रभार वाली पदोन्नति की कोई आवश्यकता नहीं है। ऐसे में विभाग के सामने बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। वहीं शासन का सिरदर्द भी बढ़ने की पूरी संभावना नजर आ रही है।

#### प्राथमिक से मीडिल और हाईस्कूल में दी जानी है पदोन्नति

*दरअसल शासन द्वारा प्राथमिक स्कूल से मीडिल और मीडिल से हाई स्कूल में शिक्षकों को पदोन्नत किए जाने की कवायद शुरू की गई है, जो काफी लंबे समय से लंबित पड़ी हुई थी। समय-समय पर शिक्षक संगठनों ने पदोन्नति का लाभ प्राप्त करने के लिए आंदोलन भी किए। इसके बाद शासन ने पदोन्नति का रास्ता तो साफ कर दिया, लेकिन पदोन्नति के बाद मिलने वाले आर्थिक लाभों से शिक्षकों को वंचित किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि शिक्षकों को प्रभार वाली पदोन्नति दिए जाने के लिए शिक्षा विभाग, जिला शिक्षा केन्द्र और ट्रायबल विभाग द्वारा काउंसलिंग तो की जा रही है, शिक्षा विभाग द्वारा तीन अलग-अलग चरणों में लगभग 109 शिक्षकों की काउंसलिंग की जा चुकी है।*

---

### राज्यपाल के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# वन विभाग के अफसरों पर शासकीय भुगतानों में अनियमितता का आरोप

**बैतूल।** दुर्गा वार्ड कोठी बाजार निवासी प्रेम शंकर मिश्रा ने वन विभाग के भ्रष्टाचार की पोल खोलते हुए महामहिम राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। मिश्रा का आरोप है कि वन विभाग के अधिकारी शासकीय भुगतानों में भारी अनियमितताएं और भ्रष्टाचार कर रहे हैं। उन्होंने पीएन. मिश्रा वन संरक्षक और अन्य अधिकारियों पर सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 को खत्म करने का आरोप लगाया है। मिश्रा का दावा है कि भ्रष्टाचार की शिकायतों के बावजूद दो वर्षों से कोई कार्रवाई नहीं हुई है। आमरण अनशन की चेतावनी देते हुए मिश्रा ने राज्यपाल से न्याय की गुहार लगाई है।

वन विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की शिकायत करते मिश्रा का कहना है कि वनमण्डलाधिकारी उत्तर बैतूल और अन्य अधिकारियों ने शासकीय भुगतानों में भारी अनियमितताएं की हैं। अगस्त और सितम्बर 2022 की जनसुनवाइयों में इन अनियमितताओं की



शिकायत करने के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि पीएन मिश्रा, वन संरक्षक, सामाजिक वानिकी वृत्त बैतूल ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 को अवैध रूप से समाप्त करा दिया है। सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदनों को निरस्त कर दिया गया है और अपील सुनवाई में देरी की गई है। सुधांशु शेखर, वनमण्डलाधिकारी उत्तर बैतूल ने आरटीआई अपील की सुनवाई और निराकरण में देरी की, जबकि जमाल सिंह धारवे ने सूचना आयोग के आदेश का पालन ही नहीं किया है। ज्ञापन में कहा गया है कि भीमा मंडलोई, वन क्षेत्रपाल पर सरकारी वाहन में इमारती लकड़ी चोरी का आरोप है, जिन्हें निलंबन के बाद पुनः पदस्थ किया गया है।

---

### पार्षद नीतू गुप्ता ने उठाई समस्या

# वार्ड 3 में नाली के पानी की निकासी बंद होने जाने से गंदे पानी का भराव

**बैतूल/शाहपुर।** शाहपुर नगर के वार्ड क्रमांक 3 की पार्षद नीतू गुप्ता द्वारा अपने वार्ड में नाली निर्माण के संदर्भ में सीएमओ को पत्र लिखे एक साल हो गया। लेकिन जमीनी विवादों के चलते नाली आज तक नहीं बनी। अब वर्षा काल का दौर प्रारंभ हैं, जिससे लोगो की परेशानियां दोगुनी हो गई है। नगर परिषद



शाहपुर के वार्ड क्र. 3 में गुड्डू वर्मा के घर से हरदू लाला दरबार तक दोनों ओर नाली निर्माण की आवश्यकता है। जिससे की निस्तार का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, साथ ही गड्ढों में भर रहा है । जिससे बीमारियों का खतरा भी है। वार्ड क्रमांक 3 में पानी की निकासी के लिए कच्ची नाली की खुदाई की गई थी जिसे अज्ञात कारणों से पुर दिया गया। नाली में पानी की निकासी नहीं होने से वाहन फंस रहे हैं लोग गिर रहे हैं। गौरतलब है कि वार्डवासियों द्वारा पिछले साल से कई बार अपनी इस समस्या को लेकर नगर पंचायत में कई शिकायत कर चुके हैं, लेकिन जमीन विवाद के चलते उनका कोई हल अभी तक नहीं निकल पाया है। वार्ड पार्षद ने बताया कि बीते साल से उनके वार्ड में अभी तक कोई नाली नहीं बन पाई है, जिससे लोग परेशान हैं। घरों तक पहुंचने के लिए नाली के पानी में से घर तक पहुंचा जा रहा है। अभी तक उसका कोई हल नहीं निकल पाया है। नाली का निर्माण अति आवश्यक है। वर्षा होने पर भी सड़क पर जलजमाव की स्थिति हो जाती है।

---


### नपा अफसरों को पत्र में बताया

# आवारा मवेशी बन रहे दुर्घटना का कारण : विक्की सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

बारिश का मौसम शुरू होते ही शहरी क्षेत्र के आवारा मवेशी मुख्य मार्ग पर आकर जाम जा रहे हैं जिसकी वजह से दो पहिया वाहन चालक आवारा मवेशी जो मुख्य मार्ग पर बैठ रहे हैं उनसे टकराकर घायल हो रहे हैं और कई मवेशियों की जान भी जा रही है। इसको लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष विक्की सिंह के माध्यम से मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग को पत्र लिखकर व्यवस्था सुधारने की मांग की गई है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष विक्की सिंह ने बताया कि जिले की सबसे बड़ी नगर पालिका परिषद सारनी होने के बाद भी इनके पास गौशाला नहीं है उन्होंने आरोप लगाते हुए



बताया कि नगर पालिका परिषद सारनी के माध्यम से जिस भवन को गोशाला बनाया गया था वहां पर स्टोर रूम का निर्माण कर लिया गया है जिसकी वजह से आवारा मवेशियों की धर पकड़ करने का काम नगर पालिका परिषद सारनी के माध्यम से नहीं किया जा रहा है उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद सारनी के माध्यम से लाखों रुपए के लागत से आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए वाहनों की खरीदी तो कर ली गई है लेकिन आवारा मवेशियों की धर पकड़ नहीं की जा रही है।

---

### सर्वाइकल कैंसर रोकथाम के निर्देश

# विभागों के अधिकारी और कर्मचारी कार्यस्थल पर समय पर आएं: तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

नर्मदापुरम संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों से कहा कि हम बड़े सौभाग्यशाली है कि हमें शासकीय सेवा का अवसर मिला है। अपनी सर्विस पूजा के समान है यह सोचकर चले। अधिकारी, कर्मचारी कार्यालय में आए लोगों के साथ विनम्र रहे और अच्छा व्यवहार करें। उन्होंने विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों को कार्यालय में समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अज्ञानता के अभाव में बच्चियों को खतरे में न डाले। सर्वाइकल कैंसर बीमारी को रोकने अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कर लोगों में जागरूकता लाए। नर्मदापुरम



संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी गुरुवार को कलेक्टोरेट सभागार में विभागवार कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।

#### एक पेड़ मां के नाम

मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षत जैन ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिले में 25 हजार एवं राज्य स्तरीय पौधारोपण अभियान के अंतर्गत 21 लाख पौधे रोपित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित है। राज्य स्तरीय पौधरोपण हेतु वन विभाग द्वारा इस वर्ष जिले की 2800 हेक्टेयर वनभूमि पर 14 लाख 37 हजार 625 पौधे, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 25 हजार पौधे, नगरीय निकाय द्वारा 9 920 पौधे, रेशम विभाग द्वारा 605000 पौधे रोपे।

---

### भीख मांगकर विरोध प्रदर्शन

# अंशकालीन कर्मचारियों को समय पर वेतन देन की मांग




**अटल सेना ने सौंपा**

**बैतूल।** अटल सेवा के तत्वावधान में गुरुवार को छात्रावास के अंशकालीन कर्मचारियों का वेतन समय पर मिलने और वेतन वृद्धि को लेकर मुख्यमंत्री और आदिम जाति कल्याण विभाग मंत्री के नाम से जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इससे पूर्व संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने सैंकड़ों की संख्या में शहीद भवन से रैली निकली निकाली और महिला कर्मचारियों ने शहर में भीख मांग कर विरोध प्रकट किया। इस संबंध में संगठन के प्रांताध्यक्ष राजेन्द्र सिंह चौहान (केन्दु बाबा) ने बताया कि एससी व एसटी छात्रावास में कार्यरत अंशकालीन कर्मचारियों को लगभग एक वर्ष से वेतन नहीं मिला है। केन्दु बाबा ने बताया कि समय पर वेतन नहीं मिलने से उनको अपनी घर गृहस्थी चलाने में बहुत कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों की पढ़ई पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। परिवार में कोई बीमार हो जाए तो उसका इलाज भी नहीं हो पाता है। केन्दु बाबा ने बताया कि ऐसा एक परिवार में हुआ भी है कि पैसों के अभाव में कुछ परिवार के सदस्य की मृत्यु भी हो गई है।

---

### बैकुंठ धाम आश्रम में गुरु पूर्णिमा महा उत्सव के दूसरे दिन हुए

# भगवान समर्पण पर दूर करते भक्तों के दुखः शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

भगवान समर्पण और भक्ति के भूखे हैं यदि भक्त उन्हें समर्पण भाव के साथ याद करें तो भगवान कभी उनका साथ नहीं छोड़ता यह बात उत्तरप्रदेश के वृंदावन से पधारे पंडित मुकेश शास्त्री के माध्यम से गुरुपूर्णिमा महोत्सव के पावन अवसर पर बैकुंठ धाम आश्रम में संगीतमय श्रीराम कथा को उद्बोधन करते हुए व्यक्ति किया उन्होंने कहा कि यदि भक्त प्रभु को भगवान को सच्चे मन और समर्पण भाव के साथ याद करें तो भगवान हर भक्तों की मुरादे पूरी करने का काम करते हैं।

उन्होंने माता सीता का वर्णन करते हुए कहा कि मां सीता के विवाह से लेकर अपहरण तक जो कार्य हुआ है वह विधि के विधान के अनुरूप हुआ है लेकिन मां सीता ने भगवान भोले के आशीर्वाद से एक वटवृक्ष के नीचे रहकर अपना समर्पण व्यक्त करने का कार्य



किया है और यही वजह है कि भगवान प्रभु श्री राम ने लंका पर आक्रमण करके रावण का वध करके सीता को वापस लाया था। इस बीच वृंदावन से पधारे मुकेश शास्त्री के माध्यम से एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति भी करने का कार्य किया गया। पंडित शास्त्री ने अपने कथा में कहा कि रामायण गीता का अध्ययन करके आप उसे स्मरण तो कर लोगे लेकिन उसे अपने जीवन में संस्कार के रूप में कैसे उतरोगे यह सबसे बड़ा सवाल है उन्होंने कहा कि मोबाइल बच्चों के हाथों में आ जाने से धर्म और संस्कार संकट में आ गए हैं।जिस तरह गैर सनातन धर्म के लोग अपने बच्चे को बचपन से ही अपने संस्कृति और संस्कारी का ज्ञान देने का काम करते हैं ठीक उसी तरह सनातन धर्म के लोगों को भी अपने बच्चों को संस्कृति और संस्कार देने का कार्य करना चाहिए उन्होंने कहा कि सप्ताह में काम से कम एक दिन अपने आसपास के मंदिर मठो में जाकर प्रभु का स्मरण करना चाहिए और अध्ययन के साथ-साथ रामायण गीता का भी उल्लेख करते रहना चाहिए जिससे मनुष्य सद्भाव सद्मार्ग पर चलेगा।

बैकुंठ धाम आश्रम के संस्थापक सीताराम दादा ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अपील की है कि 22 जुलाई तक बैकुंठ धाम आश्रम में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। 20 जुलाई को अखंड सुंदरकांड एवं सीताराम नाम संकीर्तन का आयोजन भी शुरू किया जाएगा इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गुरु पूर्णिमा महोत्सव को सफल बनाने में योगदान प्रदान करें।

## जल निकासी योजना बनाने में इंजीनियर्स हो गए फेल

# मानसून का हुआ आगाज, हल्की बारिश में सड़कें हो गईं लबालब, लोग परेशान

इटारसी शहर में जैसे ही तेज बारिश होती है, कई हिस्से पानी से लबालब हो जाते हैं। यह हालात बेहतर जल-मल निकासी नहीं होने से बनते है। विगत दिनों भी ऐसे ही हालात बने थे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जनता से नगर पालिका प्रॉपटी टैक्स, साफ-सफाई सहित सभी प्रकार के टैक्स वसूल रहा हैं, मगर जनता को सुविधा के नाम पर कुछ नहीं दे रहा है। खासकर बारिश के दौरान? बताया जा रहा है कि शहर को बारिश के दौरान जल भराव से मुक्त करने की योजना हर वर्ष बनाई जाती है। जिसमें छोटे नाले-नालियों को पक्का किया जा रहा हैं।

इस कार्य में जनता को भी कई माह तक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस दौरान जिम्मेदार दावा करते है कि नाले और नालियों के बन जाने से जलभराव की समस्या से मुक्ति मिल जाएगी, लेकिन बारिश के दौरान हो उलट रहा है। बीते दिनों की बारिश से शहर के कई हिस्सों की सड़कें,कॉलोनी की सड़कें डूब कई थी। जिसमें बाजार क्षेत्र भी शामिल था। ऐसे में जल भराव से निपटने के इंतजाम नाकाफी साबित हो रहे हैं।

### तेज बारिश लेकर आती है आफत



मानसून तो सक्रिय है, लेकिन जिस तरह की बारिश की अपेक्षा की जा रही है, उसका अभी अभाव ही देखा जा रहा है। अब तक यहां रिमझिम फुहार के अलावा कुछ देर मूसलधार बारिश भी हुई है, लेकिन उसकी निरंतरता में कमी रही है। भारी, या अत्यधिक भारी बारिश का दौर, अभी शुरु नहीं हुआ है। श्रावण मास में लगने वाली झड़ी का इंतजार है, यदि तेज और लगातार बारिश होती है तो शहर से बाहर जाने का एकमात्र सहारा ओवरब्रिज ही रहेगा। शेष सभी रास्ते बारिश के पानी के कारण बंद हो जाएंगे।

### तवा बांध में चौबीस घंटे में बढ़ा डेढ़ फीट पानी, अभी 40 फीट दूर

तवा बांध में चौबीस घंटे में डेढ़ फीट से अधिक पानी बढ़ा है। इन दिनों बारिश ने रफ्तार पकड़ी है, जिससे तवा में पानी आने की मात्रा भी बढ़ी है। पिछले चौबीस घंटे में पचमढ़ी में ही 92.6 मिमी वर्षा हुई है। बैतूल और बांध के कैचमेंट एरिया में होने वाली बारिश से तवा के जलस्तर में बढ़ोतरी होती है। 17 जुलाई की सुबह तवा बांध का जलस्तर 1123.70 फीट था जो गुरूवार सुबह 8 बजे 1125.30 फीट हो गया है। इस तरह से बांध में पिछले चौबीस घंटे के दौरान 1.6 फीट पानी की बढ़ोतरी हुई है। अभी बांध में कुल जलभराव क्षमता 1166 के लिए 40 फीट से अधिक पानी की जरूरत है। आगामी दिनों में तेज बारिश की उम्मीदें हैं, जिससे बांध में क्षमता के अनुरूप पानी आ सकता है। आसमान में बादलों की मौजूदगी बारिश के संकेत दे रही है।

### दो दिन तेज बारिश नहीं, 20-21 से झमाझम के आसार

शहर सहित जिले में अच्छी बारिश के लिए दो दिन कोई सिस्टम नहीं है। ऐसे में गर्मी अधिक पड़ने से स्थानीय प्रभाव के कारण कही हल्की तो कही मध्यम बारिश हो सकती है, लेकिन मौसम विभाग ने 20-21 जुलाई को झमाझम होने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

### ऐसे होंगे सभी रास्ते बंद



बाढ़ या नदियों के उफान पर आने के लिए सतपुड़ा का पानी कारण बनता है। शहर से कुछ ही दूरी पर स्थित सतपुड़ा पर जब भारी बारिश होती है तो पहाड़ी नदियों के द्वारा पानी इटारसी पहुंचता है और शहर की सीमाओं पर बाढ़ की स्थिति निर्मित करता है। ऐसे में शहर से निकलने वाले पुल-पुलियाओं के ऊपर से पानी बहने के कारण सभी रास्ते बंद हो जाते हैं। केवल ओवरब्रिज ही एकमात्र शहर से बाहर जाने का जरिया बनता है। पहाड़ी नदी मेहरागांव, तरोंदा रोड, ठंडी पुलिया से दक्षिण-पश्चिम और पश्चिमी गांवों का संपर्क खत्म कर देती है। इसी तरह से पूर्वी हिस्से में बहने वाली सांकलिया पहाड़ी नाला भी न्यास बायपास और सोनासांवरी पुल के ऊपर से बहकर उत्तरी हिस्से का संपर्क खत्म कर देता है। रेलवे पुलिया के नीचे का रास्ता भी बारिश में बंद हो जाता है तो सोनासांवरी चौकी पर बन रहे ओवरब्रिज के कारण यह मार्ग भी महीनों से बंद है। नई गरीबी लाइन के अंडरब्रिज में इतना पानी होता है कि वाहन चालक यहां से निकलने का कोई जोखिम नहीं उठाते। ऐसे में शहर के प्रवेश द्वार पर बने ओवर ब्रिज से ही आवागमन संभव हो सकेगा। ऐसे में बरसात के मौसम में नागकिरों के लिए भारी परेशानी का सामना करते हुए बार-बार मार्ग बदलकर अपने आवश्यक कार्यों के लिए शहर से बाहर जाने और भीतर आने के लिए आवागमन करने पर मजबूर होना पड़ेगा।

# एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने जमकर की नारेबाजी, दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



सिवनी मालवा के एक बेथल हायर सेकंडरी स्कूल पहुँच गुरूवार को एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया की स्कूल में प्रेयर में बच्चों से आमीन शब्द बुलवाया जाता है, जिसे बदला जाए। जिस पर बेथल स्कूल के प्राचार्य का कहना था की वो शब्द एमिन है जिसका अर्थ है स्वीकार करना परन्तु एबीवीपी कार्यकर्ता इस बात पर अड़े रहे की इस शब्द को प्रार्थना में से हटाया जाए।

विद्यार्थी परिषद कार्यकर्त्ताओं ने स्कूल के गेट पर खड़े हो जमकर नारेबाजी की। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी उषा मरावी पुलिस बल के साथ स्कूल पहुंची और एबीवीपी कार्यकर्ताओं से चर्चा की साथ ही थाना प्रभारी ने स्कूल के प्राचार्य से भी चर्चा की स्कूल प्राचार्य का कहना था की इस तरह प्रेयर में से किसी शब्द को नहीं हटाया जा सकता है। परन्तु एबीवीपी कार्यकर्ता अपनी मांग पर अड़े रहे।

थाना प्रभारी उषा मरावी ने कार्यकर्ताओं को समझाइश दी की इस तरह से स्कूल में नारेबाजी करना सही नहीं है। यदि किसी शब्द से आपको समस्या है तो आप इसकी लिखित शिकायत शिक्षा विभाग सहित एसडीएम को करें जिसकी जांच की जायेगी। जिस पर एबीवीपी कार्यकर्ता वापस लौट गए। विद्यार्थी परिषद के सत्यम तिवारी ने बताया की हम इस लिए आन्दोलन और विरोध प्रदर्शन कर रहें है क्यूंकि बच्चों ने ही हमें बताया की इस स्कूल में धार्मिक भावनाओ को ठेस पहुंचा रहें है और अपने धर्म को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। बच्चों ने हमें बताया था की आमीन शब्द है जिसे तीन टाइम बुलवाया जाता है। हमारी मांग है की उस शब्द को हटाया जाए यदि हमारी मांग पूरी नहीं होती है तो हम उग्र आन्दोलन करने पर बाध्य होंगे।

# पिपरिया में विश्व आदिवासी दिवस मनाने के लिए आदिवासी विकास परिषद की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



आदिवासी विकास परिषद आदिवासी महिला परिषद आदिवासी युवा परिषद के बैनर तले विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम आयोजन के लिए आदिवासी समाज के तत्वाधान में बैठक का आयोजन किया गया। नीति राज ठाकुर ने बताया कि आदिवासी समाज के महिला पुरुष युवक एवं सभी पदाधिकारी एकत्रित हुए और सभी के द्वारा अपने-अपने विचार विश्व आदिवासी दिवस को मनाने के लिए रखे गए इस वर्ष बड़े या रसूल लास्ट के साथ मनाए जाने पर सभी ने सहमति व्यक्ति। मुख्य रूप से चंद्र शिवराम उनके पंचम सिंह ठाकुर नीचे राज सिंह शेर सिंह ठाकुर प्रेम नारायण ठाकुर प्रताप ठाकुर विजय मास्कुले आशीष ठाकुर मनोज कुमरे नेपाल सिंह राम विनय अशोक धुर्वे राजा साहब बलवीर सिंह सहित तमाम लोग विश्व आदिवासी विकास परिषद के एकत्रित हुए और सभी के द्वारा आगामी कार्यक्रम को लेकर अपने-अपनी सलाह दी गई और इस वर्ष से अधिक उपस्थित दर्ज करने पर भी। विचार किया गया तथा अन्य कार्यक्रमों पर भी विचार विमर्श किया गया इस तरह से बैठक शांतिपूर्वक संपन्न हुई।

# नव नियुक्त विधायक प्रतिनिधि का कालेज में हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शासकीय एमजीएम कालेज इटारसी में नवनियुक्त विधायक प्रतिनिधि अर्जुन भोला का महाविद्यालय में प्रथम आगमन पर पुष्पगुच्छ एवं मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष डॉ नीरज जैन भी मौजूद रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ राकेश मेहता ने कहा कि अब हमारे पास दो ऊर्जावान जन प्रतिनिधि है जिनका मार्गदर्शन महाविद्यालय को सदा मिलता रहेगा। हम आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। आप यहां के छात्र भी रहे हैं इसलिए आपका महाविद्यालय से गहरा नाता है। अब महाविद्यालय तेज गति से आगे बढ़ेगा। अर्जुन भोला ने अपने उद्बोधन में आश्वासन दिया कि हम साथ मिलकर कार्य करते रहेंगे,यदि कोई समस्या आती है तो मुझे आप सीधे बात कर सकते हैं। महाविद्यालय की हर संभव मदद की जाएगी इस अवसर पर उन्होंने विधायक के प्रति भी आभार प्रकट किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम में डॉ अरविंद शर्मा, डॉ ओपी शर्मा, डॉ सुसन मनोहर, डॉ विनोद कृष्णा, डॉ पीके अग्रवाल, डॉ मनीष कुमार, डॉ संतोष कुमार अहिरवार डॉ दिनेश कुमार, डॉ आशुतोष मालवीय, संजीव कैथवास, कालेज के समस्त अतिथि विद्वान एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# मलेरिया की रोकथाम के लिए ग्रामीणों को की मच्छरदानी वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

राष्ट्रीय मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ग्राम वासियों को कीटनाशी मच्छरदानी वितरित की जा रही है जिनमें अनेक विसंगतियां दिखाई दे रही है स्वास्थ्य विभाग के अनुसार समग्र आईडी मैं दर्ज परिवार के सदस्यों को मच्छरदानी वितरित की जानी है परंतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों द्वारा समग्र आईडी वार प्रत्येक परिवार को केवल एक या दो मच्छरदानी देकर मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम की खानापूर्ति की जा रही है ग्राम वासियों का कहना है कि मलेरिया नियंत्रण के लिए जो मच्छरदानी वितरित की जा रही है यह विसंगति पूर्ण है परिवार यदि चार वयस्क सदस्य हैं और परिवार को यदि एक या दो मच्छरदनिया मिलती है तो बाकी के सदस्यों का क्या होगा उनका डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी कीटाणु जन्य बीमारियों से बचाव कैसे होगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों से जानकारी लेने पर पता चला सेमरी हरचंद की आबादी 10 हजार के लगभग है और मच्छरदानियों की संख्या लगभग 40 हजार हैं। ऐसी स्थिति में मच्छरदानियों का वितरण परिवार के सदस्यवार न होकर समग्र आईडी के अनुसार किया जा रहा है। यदि मच्छरदानियों का वितरण बीमारी रोकने के लिए है तो परिवार के सदस्यों की संख्या ध्यान में रखकर मच्छरदानी वितरित की जानी चाहिए अन्यथा मलेरिया और कीटाणु जनित रोगों से ग्राम वासियों का कैसे बचाव होगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी से जानकारी लेने प्रयास किया गया तो उन्होंने ओपीडी समय का हवाला देकर अनभिज्ञता जाहिर की। इस संबंध में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरी के ओड प्रभारी मेडिकल आफीसर संदीप कुमार का कहना है कि मच्छरदानी वितरण कार्य के विषय में मुझे जानकारी नहीं है आप मलेरिया विभाग के सुपरवाइजर से जानकारी लें। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मलेरिया सुपरवाईजर रामखिलावन पटेल ने बताया कि सेमरी की जनसंख्या लगभग 10000 है और शासन से लगभग 4000 मच्छरदानी प्राप्त हुई हैं।

# नर्मदा परिक्रमा पथ को हराभरा बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा




गुरूवार को ग्राम पंचायत भिलाडिया खुर्द में चंद्र पुरा मार्ग जो की नर्मदा परिक्रमा पथ है पर बृहद स्तर पर पौधरोपण किया गया जिसमें एक पेड़ मां के नाम पर जनपद अध्यक्ष सिवनी मालवा सीईओ सिवनी मालवा जनपद सदस्य अधिकारी कर्मचारी ग्राम पंचायत के सचिव रोजगार सहायकों द्वारा बृहद स्तर पर पौधरोपण का कार्यक्रम किया गया।

इस कार्यक्रम में रेणुका मंडलोई जनपद अध्यक्ष मृगेंद्र सिंह मंडलोई पूर्व अध्यक्ष श्रुति चौधरी मुख्य कार्य पालन अधिकारी राहुल पटेल पंकज पटेल ग्राम पंचायत सरपंच हरि सिंह कुशवाहा पंचायत सचिव अनिल यादव मनरेगा से राकेश नगर नागले जी सहायक सचिव राहुल यादव एवं समस्त पंचायत के सचिव एवं सहायक सचिव उपस्थित रहे

### एलकेजी कॉलोनी की सुरक्षा में सेंध, मंदिर की दान पेटी खुली मिली

इटारसी। एलकेजी कॉलोनी के मंदिर की दान पेटी खुली मिलने से चोरी की घटना होने की संभावना जताई जा रही है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि कितने पैसे चोरी हुए हैं। घटना की शिकायत थाने में की गई है। जानकारी के अनुसार मंदिर प्रांगण में माता जगदंबा, भोलेनाथ राधा कृष्ण और हनुमान जी के मंदिर निर्मित हैं, इसमें हनुमान जी के मंदिर में जो दान पेटी लगी हुई है, वह खुली मिली, जिसकी शिकायत मंदिर समिति ने थाने में की है। हालांकि इस बात की जानकारी किसी को नहीं है कि मंदिर में पेटी में से कितने पैसे चोरी हुए हैं, या नहीं हुए हैं।

# निजी स्कूलों की समस्या समाधान के लिए हुआ संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



शिक्षा विभाग के द्वारा लगातार प्राइवेट स्कूल संचालकों के साथ भेदभाव किया जा रहा है साथ ही शासन के द्वारा आरटीई से लेकर अन्य तमाम राशियों का भुगतान लंबे समय तक नहीं किया जा रहा है जिसके कारण स्कूल संचालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान शिक्षा मंत्री के द्वारा स्कूलों के द्वारा हड़ताल करने पर देख लेने की धमकी भी दी गई थी के कारण आधे स्कूल हड़ताल पर रहे और आधे खुले रहे थे।

इसी बात को ध्यान में रखते हुए विद्यालय संचालकों से संवाद कार्यक्रम का आयोजन एक निजी स्कूलों में किया गया सांसद दर्शन सिंह चौधरी विधायक ठाकुरदास नागवंशी भाजपा नेता अरविंद राय किसान मोर्चा के महामंत्री पवन वालिया सहित तमाम लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें अभिभावक को निजी विद्यालयों में प्राइवेट पब्लिकेशंस की किताबों से अभिभावकों पर बढ़ रहे बोझ पर भी संसद के द्वारा चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि आज के समय में शिक्षा के क्षेत्र में कई चुनौतियां हैं जिनमें से प्रमुख चुनौती है । लेकिन फिर भी प्राइवेट पब्लिकेशन की किताबें महंगी होती जा रही हैं बड़े-बड़े स्कूल के द्वारा सरकारी आदेशों का पालन नहीं किया जा रहा है सांसद ने कहा कि सरकार ने साफ तौर पर निर्देश दिए हैं कि विद्यार्थियों की बस्ती का भजन उनकी आयु के अनुसार होना चाहिए उसके बावजूद भी वजन बढ़ता जा रहा है इससे स्पष्ट होता है कि विद्यालयों के द्वारा अंग्रेजी की जा रही है वहीं पर विद्यालय को के संचालक लर्निंग इंटरनेशनल स्कूल हर्ष मालपानी ने संसद से चर्चा करते हुए कहा कि सभी विद्यालयों में समान पाठ्यक्रम का पालन किया जाए और महंगी प्राइवेट पब्लिकेशन की जगह अभिभावकों की भागीदारी भी होना चाहिए हम अलग से हमारे विषय नहीं चला रहे हैं वहीं पर सर्वोदय विद्यापीठ के संचालक आनंद प्रकाश शर्मा ने कहा कि शासन के द्वारा आरटीई के अंतर्गत जो बच्चों की भर्ती कराई जाती है उनकी फीस का वर्षों तक भुगतान नहीं कराया जाता है जिसके कारण आर्थिक बोझ पड़ता है उसे भारी पर भी सरकार को विचार करना चाहिए। सेंट जोसेफ हायर सेकेंडरी स्कूल से राकेश जैन ने कहा कि आज के समय में शिक्षा के क्षेत्र में कई चुनौतियां हैं। सांसद के द्वारा सभी स्कूल संचालकों को आस्वस्त किया गया कि राज एवं केंद्र सरकार से भरपूर सहायता मिलेगी ।

### जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में बोलीं कलेक्टर

# बाल संरक्षण के लिए सूचना तंत्र बेहतर बनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में गुरुवार 18 जुलाई को कलेक्ट्रेट कार्यालय के रेवासभा कक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग नर्मदापुरम द्वारा जिला बाल कल्याण एवं सरंक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नर्मदापुरम जिले में संचालित शासकीय एवं बाल कल्याण एवं संरक्षण के लिए शासन की विभिन्न योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर सोनिया मीना ने संस्थाओं में उपस्थित बालक एवं बालिकाओं के आयुष्मान कार्ड एवं बच्चों के भविष्य में काम आने वाले दस्तावेजों को तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में संबंधितों से जानकारी प्राप्त की।

कलेक्टर ने बैठक संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अनाथ बच्चों के दस्तावेज एवं सूची तैयार करें। उन्होंने बाल कल्याण समिति के सदस्यों से कहा कि जिले एवं अन्य राज्य से आए बच्चों की सूची एवं डाटा तैयार कर बच्चों को उनके स्थान पर भेजा जा सकें। कलेक्टर ने बैठक में कहा है कि सरकारी विभाग एवं विभिन्न संस्थाएं आपस में समन्वय बनाकर बाल कल्याण एवं संरक्षण का कार्य करें। कलेक्टर ने कहा है कि सभी सरकारी विभाग एवं विभिन्न संस्थाएं बच्चें एवं महिलाओं की देखरेख एवं सुविधा के लिए सुरक्षा, पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य की समुचित व्यवस्था की जाए।

कलेक्टर ने बैठक में रेलवे आरपीएफ स्टॉफ को विभिन्न बाल संरक्षण संस्थाओं, लोकल पुलिस एवं महिला बाल विकास विभाग के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने रेलवे आरपीएफ स्टाफ को रेलवे स्टेशन पर बाल संरक्षण स्टाफ की नियुक्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग नर्मदापुरम को रेलवे आरपीएफ के साथ बाल कल्याण एवं संरक्षण की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए।

### यूथ विंग अध्यक्ष पद पर मुंदे और पटेल सचिव मनोनीत

इटारसी। वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ मुख्य शाखा इटारसी के यूथ विंग के अध्यक्ष पद पर एएसएम मोहित मुंदे और सचिव गार्ड देवेंद्र पटेल बने हैं। सत्यम चौहान कार्यकारी अध्यक्ष, दुर्गेश मोरे कोषाध्यक्ष मनोनीत किये गये हैं।

उल्लेखनीय है कि जोनल महामंत्री अशोक शर्मा, मंडल अध्यक्ष राजेश पांडेय, सहायक महामंत्री जावेद नियाजी, भागीरथ मीणा, नितिन परमार, योगेश चौरेने आगामी मान्यता के चुनाव एवं इंस्टीट्यूट के चुनाव को देखते हुए मुख्य शाखा इटारसी में युवा पदाधिकारी को पद प्रदान किया है। मुख्य शाखा इटारसी में युवा कर्मचारियों की बैठक में मुख्य शाखा के अध्यक्ष प्रीतम तिवारी, राजेश गौर, विकास, इरशाद, अविनाश पांडे, मुकेश कुमार, रविंद्र चौधरी, हरिप्रसाद, रोहित बग्गन के साथ शाखा के सभी पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से युवा संगठन का गठन किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# राजकीय सम्मान के साथ हुआ पूर्व सैनिक सुखमण प्रसाद साहू का अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बीजनवाडा मारुति नगर निवासी आर्मी के पूर्व सैनिक सुखमण प्रसाद साहू का अचानक हृदय गति रुक जाने से देवलोक गमन हो गया। इस दौरान जिला पूर्व सैनिक कल्याण समिति नगर पूर्व सैनिक कल्याण समिति संकल्प फाउंडेशन सहित सैकड़ो की तादात में पूर्व सैनिकों के द्वारा पूर्व सैनिक साहू की अंतिम यात्रा निकाली गई एक शहीद की तरह जो राजकीय सम्मान किया जाता है और जिस तरह से शाहिद की अंतिम यात्रा निकाली जाती है इस तरह से सेवानिवृत सैनिक की अंतिम यात्रा निकाली गई और उसके बाद उन्हें राज की सम्मान के साथ तिरंगे में लपेटकर अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें पचमढ़ी आर्मी से सूबेदार सहित चार सैनिक जिन्होंने आकर कार्य स्थल पर अशोक चक्र की तरह पुष्पांजलि अर्पित की इस तरह जिला कल्याण पूर्व सैनिक संघ के द्वारा भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई नगर पूर्व सैनिक कल्याण समिति संकल्प फाउंडेशन एवं सूबेदार सहित सैनिक के द्वारा सुखमण साहू का श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राज कीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उनके दो पुत्रों के द्वारा मुखाग्नि दी गई उसके पश्चात उनकी अंतिम यात्रा में राष्ट्रीय अध्यक्ष साहू समाज नगर अध्यक्ष साहू समाज से लेकर हजारों की संख्या में साहू समाज के लोग पूर्व सैनिक एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। जिन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भगवान से श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की।

शहर में विभिन्न स्थानों से ताजिए गांधी चौक, इकबाल चौक में जमा हुए, ताप्ती में विसर्जित किया

# शहर में निकला ताजियों का चल समारोह, 300 से ज्यादा सीसीटीवी के अलावा ड्रोन से हुई निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर

मोहर्रम की 11 तारीख गुरूवार को शहर में ताजियों का चल समारोह निकाला गया। सुरक्षा की दृष्टि से जगह जगह पुलिस बल तैनात रहां 300 से ज्यादा सीसीटीवी के अलावा ड्रोन कैमरों से निगरानी होती रही। जगह जगह पिकेट्स लगाए गए। मोहर्रम पर्व 10 दिन तक मनाया जाता है जबकि 11 वें दिन ताजिए विसर्जित किए जाते हैं। दस दिनों में कर्बला में हुए युद्ध और हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद किया जाता है। एक दिन पहले ताजिये शहर में आकर जमा हो गए थे जबकि दूसरे दिन गुरूवार को चल समारोह निकला। इस दौरान मेला भी लगा जिसमें काफी संख्या में लोग पहुंचे। करीब 300 से अधिक छोटे, बड़े ताजिये बनाए गए थे।



### अखाड़ा प्रदर्शन भी किया गया

मोहर्रम पर अखाड़ा प्रदर्शन भी किया जाता है। इसके तहत जगह जगह अखाड़े हुए। चल समारोह के दौरान भी अखाड़ा प्रदर्शन किया गया। ताजियों का विसर्जन ताप्ती नदी में हुआ। शहर में विभिन्न स्थानों से ताजिए गांधी चौक, इकबाल चौक में जमा हुए। जिन्हें ताप्ती नदी में विसर्जित किया गया। आमजन की सुविधा के लिए यातायात पुलिस ने मंगलवार को जय स्तंभए शौकत गार्डनए मंडी चौक, रोशन चौक, कोतवाली क्षेत्र में मिलन चौराहे से सुभाष चौक क्षेत्र में वाहनों को प्रवेश करने दिया गया ताकि व्यवस्था न बिगड़े। इन क्षेत्रों में अखाड़े व मीना बाजार लगने से लोगों की भीड़ रही। वहींए गुरूवार दोपहर मंडी चौक से गांधी चौकए फूल चौकए अंडा बाज़ार से लेकर पीपल घाट तक सभी तरह के वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहा। यहां से ताजियों का चल समारोह निकला। जो ताप्ती नदी पहुंचा। पहुंचा।

### जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी हुआ ताजियों का विसर्जन

नगर के अलावा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी मोहर्रम पर्व पर ताजिये बनाए गए। कुछ जगह एक दिन पहले ही 10वीं मोहर्रम को ताजिया विसर्जन किया गया तो कुछ जगह गुरूवार को मोहर्रम की 11 तारीख को विसर्जन हुआ। नेपानगर, सारोला, अंबाड़ा, शाहपुर, खकनार सहित अन्य क्षेत्रों में मोहर्रम पर अखाड़ा प्रदर्शन किया गया ताजिए निकाले गए। सारोला में भी ताजिए बनाए गए। इस दौरान निकले चल समारोह में ग्राम सुरक्षा समिति अध्यक्ष किरण मोरे, हेड कांस्टेबल लाल सिंह, आरक्षक सुनिल पटेल, असलम गवलकर, उप सरपंच योगेश महाजन, रफीक तड़वी, दिलीप तड़वी, रहीम तड़वी, सलीम तड़वी, इस्माइल तड़वी, साइबो तड़वी आदि मौजूद थे।

बजरंग दल ने शिकायत दर्ज कराई

## मुहर्रम पर फिलिस्तीन का झंडा लहराए जाने पर विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

मुहर्रम के पर्व पर फिलिस्तीन का झंडा लहराए जाने की खबर सामने आई है। इस घटना को लेकर बजरंग दल ने पुलिस से शिकायत दर्ज कराई है। बुधवार को खंडवा में मुहर्रम में देर शाम ताजियों का जुलूस निकाला जा रहा था, जिसमें शामिल युवा इस्लामिक झंडे लिए साथ चल रहे थे। शहर के शिवाजी चौक पर एक लड़का फिलिस्तीन का झंडा लहराते हुए नजर आया, जिससे विवाद पैदा हो गया। पुलिस ने इस मामले में कुछ युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने थाने पहुंचकर इस पर आपत्ति जताई और शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कदम जानबूझकर शहर की शांति भंग करने के लिए उठाया गया है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि अगर कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो हिंदू समाज शक्ति प्रदर्शन करेगा। उनका कहना था कि फिलिस्तीन का झंडा लहराना आतंकवादी संगठन हमास का समर्थन करना है, जो देशद्रोह की श्रेणी में आता है। जिले के एसपी मनोज कुमार राय ने बताया कि शाम को बजरंग दल के लोगों ने शिकायत की है कि ताजियों के भ्रमण के दौरान



शिवाजी चौक के पास कोई लड़का फिलिस्तीन का झंडा लहरा रहा था। इस मामले की शिकायत थाना मोघट में दर्ज कराई गई है और थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है कि तत्काल जांच करने के आदेश दिए हैं जो भी तथ्य सामने आयेंगे, वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। एसपी मनोज कुमार राय ने कहा कि माहौल खराब करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और अगर इस पूरे माहौल को खराब करने की दिशा में यह काम किया गया है तो दोषियों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ सकती है। प्रशासन को ऐसी गतिविधियों पर तत्काल और कड़ी नजर रखनी चाहिए।

### 31 अगस्त तक चलेगी स्पेशल ट्रेन

**सीहोर**। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए तथा सावन महीने के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ चलते पश्चिम रेलवे ने उज्जैन से भोपाल के लिए स्पेशल पैसेंजर ट्रेन चलाई है। यह ट्रेन 31 अगस्त तक चलेगी। पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि उज्जैन से भोपाल के लिए गाड़ी संख्या 09313 उज्जैन-भोपाल-उज्जै न स्पेशल पैसेंजर ट्रेन 31 अगस्त तक प्रतिदिन उज्जैन से रात 9 बजे चलकर सीहोर 23.36 बजे आकर रात 1.10 बजे भोपाल पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09314 भोपाल-उज्जैन पैसेंजर 12 जुलाई से 1 सितम्बर तक हर दिन भोपाल से रात 2.10 बजे चलकर रात 3.42 बजे सीहोर आकर सुबह 7.20 बजे उज्जैन पहुंचेगी।

### पर्यटन क्विज स्पर्धा 27 जुलाई को

**सीहोर**। मप्र टूरिज्म बोर्ड,जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिले में 27 जुलाई को दो चरणों में मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता- 2024 का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रदेश के समृद्ध शाली इतिहास, परम्पराओं ऐतिहासिक व सांस्कृतिक धरोहर, तथा पर्यटन के विस्तृत क्षेत्र से छात्र एवं छात्राओं को परिचित कराना है।

### पेंशनर्स को फर्जी कॉल से बचने की सलाह

**सीहोर**। साइबर अपराधियों द्वारा पेंशनधारियों को जीवन प्रमाण-पत्र को ऑनलाइन अपडेट करने के संबंध में की जाने वाली फर्जी कॉल से बचाव की सलाह दी है।

## गुरु पूर्णिमा पर 19, 20 और 21 जुलाई को भुसावल इटारसी मेमू और भुसावल कटनी एक्सप्रेस का परिचालन बहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर

खंडवा रेलवे स्टेशन पर यार्ड मॉडलिंग कार्य के तहत नॉन इंटरलॉकिंग के लिए ब्लॉक लिया गया है। जिसमें पिछले 10 दिनों से कई ट्रेनों को निरस्त और कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन कर चलाया जा रहा है। खंडवा शहर में दादाजी धूनीवाले स्थल पर गुरु पूर्णिमा पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ को आने-जाने में सुविधा हो इसको देखते हुए सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने पूर्व में निरस्त की गई ट्रेनों में से भुसावल इटारसी पैसेंजर एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन जारी रखने की मांग डीआरएम भुसावल इति पांडे से की थी। मंगलवार को भुसावल डीआरएम पांडे के खंडवा आगमन पर भी उन्हें ल सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने श्रद्धालुओं को आने-जाने में सुविधा इसको लेकर मांग उठाई थी। भुसावल मंडल ने मांग को रेल मुख्यालय भिजवाकर इस पर स्वीकृति ले ली। अब 19, 20 और 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में आने जाने वाले श्रद्धालुओं को रेल की सुविधा मिल सके इसके लिए तीन दिन के लिए ट्रेन संख्या 11115 भुसावल इटारसी मेमू और ट्रेन संख्या 11116 इटारसी भुसावल मेमू ,ट्रेन संख्या 19013 भुसावल कटनी एक्सप्रेस,ट्रेन संख्या 19014 कटनी भुसावल एक्सप्रेस का परिचालन जो पूर्व में निरस्त कर दिया गया था उसको फिर चालू रखने का लिए निर्णय मंडल ने लिया है। अब बुरहानपुर, नेपानगर में भी यह दोनों ट्रेनें अपने पूर्व निर्धारित समय पर 19,20 और 21 जुलाई को चलेगी।। साथ ही 22 जुलाई को इन ट्रेनों का परिचालन एक दिन के लिए बंद रहेगा। 23 जुलाई से सभी ट्रेनें यथावत चलेगी।

## निंबोला हायर सेकंडरी स्कूल में कक्षा 11वीं, 12वीं विज्ञान संकाय में जीव विज्ञान और रसायन शास्त्र के शिक्षक नहीं

### डीईओ बोले- शासन से आदेश का इंतजार, विद्यार्थियों ने की नारेबाजी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर

जिला मुख्यालय से करीब 8 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत निंबोला में शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल में कक्षा 11वीं, 12वीं विज्ञान संकाय में जीव विज्ञान और रसायन शास्त्र के शिक्षक नहीं है जिससे विद्यार्थियों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। इसे लेकर गुरूवार दोपहर विद्यार्थियों ने स्कूल के बाहर सांकेतिक रूप से धरना प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया। शिक्षकों की मांग की। छात्राओं ने कहा चार चार लेशन का नुकसान हो रहा है। सभी छात्राएं परेशान हो रही है।

इधर, इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी संतोष सिंह सोलंकी ने यह बात स्वीकारी कि स्कूल में शिक्षकों की कमी बनी हुई है। शिक्षा विभाग इसकी पूर्ति दोनों विषय के अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति कर करने की तैयारी कर रहा है, लेकिन यह तभी संभव है जब शासन से अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति के विभाग को आदेश प्राप्त होंगे। ऐसे में शासन द्वारा अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति का आदेश नहीं दिया जाता है तब तक बच्चों को इसी तरह बिना शिक्षकों के पढ़ाई करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

### वी-वॉन टीचर के नारे लगाए

छात्र छात्राओं ने इस दौरान जमकर वी-वॉन टीचर के नारे लगाए। वहीं प्रभारी प्राचार्य अनीता दीक्षित ने बताया सोमवार को शिक्षकों की व्यवस्था होने वाली है। कुछ शिक्षक छुट्टी पर हैं। इंग्लिश और फिजिक्स की क्लास लग रही है। दूसरी क्लास इसलिए नहीं लग रही क्योंकि शिक्षक नहीं हैं।

### कलवाना में सर्पदंश से वृद्ध की मौत, मजदूरी का काम करके घर वापस आ रहा था

भैरुंदा। जिले की भैरूंदा जनपद पंचायत क्षेत्र के कलवाना में एक वृद्ध को सांप ने काट लिया जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की आयु 60 वर्ष के करीब है। शिव प्रसाद बनवारी मजदूरी का काम करता था। मंगलवार को वह मजदूरी करने के लिए पास के गांव सोयत गया था, वहां से लौटते समय पगडंडी के रास्ते से कलवाना लौट रहा था, तभी शाम 6 बजे के लगभग रास्ते में उसे सांप ने काट लिया। जानकारी परिवार के लोगों को लगी, इसके बाद परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। उसे अस्पताल ले गए, यहां पर रात करीब 10 बजे वृद्ध की मौत हो गई।

### प्रशासन ने पनीर फैक्ट्री का उत्पादन कराया बंद

सीहोर। ग्राम पिपलिया मीरा में स्थित जयश्री गायत्री पनीर फैक्ट्री को प्रशासन ने बंद करा दिया है। जिला प्रशासन ने यह कार्रवाई मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आदेश पर की है। फैक्ट्री को बंद कराने के लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह के निर्देश पर बिजली कंपनी ने बिजली कनेक्शन काट दिया है, जिससे उत्पादन बंद हो

## जिले में 24 घंटे में 12.5 एमएम औसत बारिश

**सीहोर**। जिले में बीते 24 घंटे में सुबह आठ बजे तक 12.5 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 4, एमएम, श्यामपुर में 0, आष्टा में 2, जावर में 0, इछावर में 4, भैरूंदा में 2, बुधनी में 40, रेहटी में 48 एमएम वर्षा दर्ज की गई है।

जिले में एक जून से 17 जुलाई को सुबह 8 बजे तक 289.9 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 424.4 एमएम थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 एमएम है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त




जानकारी के अनुसार एक जून से 17 जुलाई तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 368.5, एमएम, श्यामपुर में 335.5, आष्टा में 246, जावर में 207, इछावर में 516.5, भैरूंदा में 200, बुधनी में 179 तथा रेहटी में 266.2 एमएम वर्षा दर्ज की गई है।

### युवती को गोली मारने वाला आरोपी गिरफ्तार

सीहोर। थाना भेरुंदा में दो दिन पहले हुए सनसनी खेज गोलीकांड हत्या के मामले में फरार चल रहे आरापी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने एकतरफा प्रेम में एक युवती को गोली मार कर मौत के घाट उतार दिया था। फरियादिया ललिता कीर निवासी नारायण सिटी भैरुंदा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी छोटी छोटी आरती का पिछले दो साल से प्रभु सिंह दायमा पिता धनराज दायमा निवासी मट्ठा गांव रेहटी बुरी नीयत से पीछा कर रहा था। 14 जुलाई को प्रभु सिंह दायमा हाथ में पिस्तोल लेकर घर में घुस आया और आरती को गोली मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी के पास एक देशी पिस्टल और जिंदा कारतूस जब्त किए हैं।




## खुद को अकेला महसूस न करें, श्मशान, शिखर और सिंहासन पर अकेला ही जाया जाता हैः पं. प्रदीप मिश्रा

**सीहोर**। जीवन में कोई जीव अकेला नहीं, कभी खुद को अकेला महसूस न करें क्योंकि श्मशान, शिखर और सिंहासन पर अकेला ही जाया जाता है। शुभकर्म में किसी के साथ का इंतजार न करें। अकेले भी कर्म, धर्म करने का मौका मिलता है तो इसे गंवाना मत। शिव की आराधना कोई भी कर सकता है। भगवान शिव पूजा-अर्चना सेठ से लेकर गरीब कर सकता है। भगवान तो सिर्फ भाव के भूखे है। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में जारी सात दिवसीय श्री महादेव गुरु शिव महापुराण कथा के चौथे दिन अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। उन्होंने कहा कि भगवान शिव के अनेक गुण है, लेकिन शांत रहना, समदर्शी, विनम्रता और निम्रलता आदि गुण जिस श्रद्धालु में आ जाते है। उसको शिव की प्राप्ति हो जाती है।

कथा के चौथे दिन बुधवार को गुरुदेव पंडित मिश्रा ने कुबेरेश्वरधाम पर आए एक श्रद्धालु का पत्र पढ़ते हुए बताया कि कोटा राजस्थान से कथा का श्रवण करने आई मीना हांड-कल्याण सिंह हांड की बेटी सीए की तैयारी कर रही थी, लेकिन उसको असफलता प्राप्त होती थी, उन्होंने कथा से प्रेरणा लेकर अपनी बेटी के साथ पिछले वर्ष



कावड़ यात्रा में शामिल होकर भगवान शिव को जल अर्पित किया और पुराण के बताए उपाय पर अमल कर मेहनत की तो वह सीए के एग्जाम में सफल हो गई। आपके जीवन में जब भी असफलता और निराश आए तो भगवान शिव पर भरोसा करना वह आपको कामयाबी दिलाएगा। भगवान शिव की आराधना करने वाला भक्त कभी दुखी नहीं रहता। भगवान भोलेनाथ हर भक्त की सुनते हैं। भोले की भक्ति में शक्ति होती है। भगवान भोलेनाथ कभी भी किसी भी मनुष्य की जिंदगी का पासा पलट सकते हैं। बस भक्तों को भगवान भोलेनाथ पर विश्वास करना चाहिए और उनकी प्रतिदिन आराधना करनी चाहिए।

**क्लेश, झूठ, प्रपंच, बेईमानी यह सब नर्क के द्वारः** उन्होंने बताया कि क्लेश, झूठ, प्रपंच, बेईमानी यह सब नर्क के द्वार है, इनसे बचना उत्थान और इनमें उलझे रहना पतन के समान है। ईश्वर भक्त के बिना और भक्त ईश्वर के बिना नहीं रह सकता। जन्म से लेकर मृत्यु तक ईश्वर साथ होते है, सद्मार्ग पर चलोंगे तो मोक्ष पाओंगे। उसने जन्म दिया, उदर (पेट) दिया तो भरने कि जिम्मेदारी भी उसकी है। इतने भोले हैं शिवजी, स्वच्छ मन से याद करने पर ही हो जाते हैं प्रसन्न, पूजा पाठ ही नहीं मन की सुदंरता से प्रसन्न हो जाते हैं भोलेनाथ। देवो के देव महादेव भगवान शंकर को औघड़दानी कहलाते हैं जो सबको साथ लेकर चलते हैं।

न्यायाधीशों ने रोपे पौध

## पौधरोपण अभियान के तहत जजेस कॉलोनी में पौधारोपण

**खंडवा**। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खंडवा के अध्यक्ष व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ममता जैन की अध्यक्षता में 17 जुलाई को जजेस कॉलोनी खण्डवा में वृहद पौधरोपण अभियान के तहत न्यायाधीशगणों द्वारा पौधारोपण किया गया। जिसमें 22 पौधे-रोपित किये गये।

इस अवसर पर विधिक सहायता अधिकारी अनुपमा मुजाल्दे, न्यायाधीशगण योगराज उपाध्याय, नीरज मालवीय, प्राची पटेल, कमलेश कुमार कौल, अरविंद सिंह टेकाम, परमानंद चौहान, ज्योति टेकाम, अभिषेक सोनी, कुंवर उदयाजीत राव, जगत प्रताप अटल, रविशंकर भलावी सहित स्टॉफ एवं पैरालीगल वालंटियर्स आदि उपस्थित



थे। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ममता जैन द्वारा सर्वप्रथम पौधारोपण कर कहा गया कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने व अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पौधारोपण बहुत आवश्यक हैं।

ब्रम्हगीर व कावेश्वर के साथ ही खंडवा के चारों प्राचीन कुंडों से भी निकलेगी यात्राएं

## 6 स्थानों से निकलेगी दादाजी नाम संकीर्तन निशान यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

गुरु पूर्णिमा महोत्सव के चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालु निशान लेकर दादाजी धाम पहुंचकर दर्शन कर रहे हैं, जिला मुख्यालय की खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे और भक्तों द्वारा आज प्रातः 8 बजे छह धार्मिक स्थलों से एक साथ निशान यात्रा निकाली जाएगी।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि जिला पंचायत अध्यक्ष रहते हुवे कंचन तनवे द्वारा संत ब्रम्हगीर महाराज के गादी स्थान से धूनीवाले दादाजी महाराज की समाधि स्थल तक शुरू की गई निशान यात्रा का इस बार तृतीय वर्ष रहेगा। इस बार विधायक बनने के बाद पहला गुरु पूर्णिमा उत्सव होगा। इसलिए इस बार ब्रम्हगीर महाराज गादी स्थान के साथ ही इस बार प्राचीन कावेश्वर महादेव से भी निशान यात्रा निकलेगी साथ ही खंडवा शहर के चारों ओर स्थित प्राचीन कुंडों से भी चार अलग अलग निशान यात्राएं निकलेगी जो जलेबी चौक के पास पुरानी अनाज मंडी में एकत्र होगी एवं वहां से भव्य निशान यात्रा दादाजी महाराज के समधी स्थल दादा दरबार तक पहुंचकर निशान समर्पित किया जाएगा।

यात्रा संयोजक लोकेंद्र सिंह गौड़ ने बताया कि कंचन तनवे द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष रहते हुवे शुरू की गई इस निशान यात्रा की परंपरा को विधायक बनने के बाद और क्षेत्र के प्राचीन धार्मिक स्थलों के महत्व को दर्शाते हुवे विस्तृत रूप दिया जा रहा है। इसके लिए विधानसभा क्षेत्र के निवासी श्रद्धालुओं को तैयारी के लिए विशेष जिम्मेदारीयां दी गई है। परमहंस संत श्री ब्रम्हगीर महाराज के समाधि स्थल से विधायक कंचन



तनवे स्वयं आज सुबह 7 बजे पूजन अर्चन के बाद निशान लेकर पैदल यात्रा के लिए निकलेंगी वहीं कावेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण से पूजन एवं आशीर्वाद लेकर यात्रा प्रातः 8 बजे शुरू होगी। वहीं खंडवा के चारों प्राचीन कुंड क्रमशः सूरज कुंड, पदम कुंड, रामेश्वर कुंड सहित भीम कुंड से यात्रा के माध्यम से विधानसभा क्षेत्र सहित शहर के चारों दिशाओं से श्रद्धालुओं को एकत्र कर यात्राएं शुरू होकर अनाज मंडी पहुंचेंगी जहां से एक साथ ढोल ताशों के साथ निशान यात्रा दादा दरबार पहुंचेगी जहां दादाजी महाराज की समाधि पर निशान समर्पित किया जाकर क्षेत्र की सुख समृद्धि की प्रार्थना की जाएगी। विधायक कंचन तनवे ने सभी क्षेत्रवासियों से यात्रा में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

## खंडवा में गुरु पूर्णिमा पर शासकीय अवकाश की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा



नगर निगम नेता प्रतिपक्ष दीपक लक्ष्मण राठौर ने कलेक्टर अनूप कुमार सिंह से वाट्सएप और मौखिक रूप से निवेदन किया है कि आगामी 20 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के महापर्व पर खंडवा में शासकीय अवकाश घोषित किया जाए। राठौर का कहना है कि इस विशेष दिन पर खंडवा में लाखों श्रद्धालुओं का आवागमन होता है, जिससे स्थानीय निवासियों और स्कूली बच्चों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। दीपक राठौर ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के इस महापर्व पर खंडवा में लगभग 15 से 20 लाख श्रद्धालुओं का आगमन होता है। यह पर्व खंडवा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके दौरान शहर के सभी निवासी श्रद्धालुओं की सेवा में संलग्न रहते हैं। विभिन्न प्रकार के भंडारे आयोजित किए जाते हैं और पूरा खंडवा शहर इस पर्व का लाभ उठाता है।